रुड़की में नकल करते पकड़े गए छात्र

चढ़े हत्थे

- यूटीयू की उड़नदस्ता टीम ने सोमवार को पांच छात्रों को पकड़ा
- एक परीक्षा केंद्र को बदलते हुए मामले की जांच के आदेश दिए

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) की उड़नदस्ता टीम ने सोमवार को रुड़की में पांच छात्रों को नकल करते पकड़ा। साथ ही, एक परीक्षा केंद्र को बदलते हुए इस प्रकरण की जांच भी बिठा दी गई।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि यूटीयू से संबद्ध कॉलेजों में मुख्य परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। इसके तहत सोमवार को रुड़की क्षेत्र में आने वाले आईपीएस लॉ कॉलेज में विधि एवं आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में बी फार्मा-बीटेक की परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान छापेमारी में आईपीएस लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी के दो और एलएलबी का एक छात्र नकल करते पकड़ा गया। नकलचियों ने मौके से भागने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने दरवाजा बंद कर दिया। आईटीआर कॉलेज में बीफार्मा का एक छात्र नकल करते हुए मिला।

दूसरी पाली में उड़नदस्ते की टीम ओम बायो साइंस फार्मेसी कॉलेज गई तो वहां भी फार्मेसी का एक छात्र नकल करते पाया गया। नकलची छात्रों से पकड़ी गयी लिखित सामग्रियों को उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कब्जे में लेकर सील करवा दिया गया है। साथ ही, आईपीएस लॉ कॉलेज की जगह बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।